इमली प्रसंस्करण मशीनरी केलिए निविदा सूचना

निविदा संदर्भ: एस बी/जी एन टी/आर के वी वाई/04/17-18 09 नवम्बर,2017

स्पाइसेस बोर्ड, आंध्रप्रदेश के अनंतपुर जिले के कल्याणदुर्ग मंडल में अपनी कृषकोन्मुख परियोजना केलिए इमली के प्रसंस्करण हेतु निम्नलिखित मशीनरी खरीदना चाहता है :

क. इमली डी-हल्लर मशीन – कम से कम प्रति100 किलोग्राम / घंटा क्षमता की दो यूनिट

ख. इमली डी-सीडिङ्ग मशीन – प्रति 75 किलोग्राम / घंटा क्षमता की दो यूनिट

ग. इमली डी-फाइबरिंग मशीन – प्रति 70 किलोग्राम / घंटा क्षमता की एक यूनिट

घ. ईंधन के रूप में प्रयोग केलिए इमली से निकाले गए छिलके का ब्रिकेट बनाना : 30 कि.ग्रा./ घंटा,एक यूनिट

उपर्युक्त मशीनों के (केवल आई एस आई मार्क वाले) औद्योगिक विनिर्माता ऊपर दिए अनुसार आई एस आई विनिर्देशवाली प्रत्येक मशीन केलिए निम्नलिखित विवरण सहित अपने प्रतियोगी प्रस्ताव जी एस टी समेत प्रस्तुत कर सकते हैं :

(i) मोटर की क्षमता के साथ मशीन की क्षमता, प्रत्येक मशीन केलिए

(ii) प्रत्येक मशीन केलिए बोडी में प्रयुक्त लोहे की किस्म और उसका ग्रेड

(iii) जी एस टी दर के साथ एक-एक करके कोट की गई मशीनों की लागत

(iv) परिवहन, स्थापना और प्रशिक्षण लागत

(v) वारंटी अवधि और क्रय उपरांत सेवा

(vi) प्रोफ़ाइल और चित्र सहित कंपनी का विवरण

(vii) सप्लाई की गई समान मशीनों का विवरण, नाम सहित

प्रस्ताव के साथ मशीनरियों के चित्र / ब्रोशर / संबन्धित विवरण भी भेजें ।

उपरोक्त सभी विवरणों और जी एस टी घटकों सहित लागत के साथ आपका संपूर्ण प्रस्ताव मोहरबंद लिफ़ाफ़े में 22 नवंबर 2017 को सायं 5.00 बजे या उससे पहले निम्नलिखित पते पर भेज दिया जाए।

पता :

निदेशक विकास

स्पाइसेस बोर्ड भारत

एन एच बै पास

पालारिवट्टम पोस्ट

कोचिन – 682 025

निविदाएँ 23 नवंबर 2017 को सायं 3.00 बजे खोली जाएंगी।